एक नजर में

फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स विनर्स की लिस्ट जारी

इंदौर . फिल्मफेयर ने मुंबई के जुहू स्थित जेडब्ल्यू मैरियट में फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स 2025 का आयोजन किया. इस साल का संस्करण डिजिटल एंटरटेनमेंट के बदलते स्वरूप का जश्न मनाने के लिए देश के नामी सितारों, क्रिएटर्स और स्टोरीटेलर्स को एक मंच पर लेकर आया. अवार्ड समारोह में 1 अगस्त 2024 से 31 जुलाई 2025 के बीच रिलीज हुई वेब ओरिजिनल सीरीज और फिल्मों में बेहतरीन काम को सम्मानित किया गया. शाम के बड़े विजेताओं में ब्लैक वारंट ने बेस्ट सीरीज का खिताब अपने नाम किया, वहीं गर्ल्स विल बी गर्ल्स को बेस्ट फिल्म, वेब ओरिजिनल का अवॉर्ड मिला. शाम के सबसे बड़े विजेताओं के तौर पर खौफ 7 अवॉर्ड्स के साथ सबसे आगे रहा. इस दौरान व्यक्तिगत कैटेगरी में भी कई अहम जीत देखने को मिलीं. जयदीप अहलावत, अभिषेक बनर्जी, सान्या मल्होत्रा, फातिमा सना शेख, विक्रांत मैसी, अनन्या पांडे और बोमन ईरानी ने प्रतिष्ठित ब्लैक लेडी अपने नाम की.

ब्रिटिश काउंसिल ने की ग्रेट स्कॉलरशिप की घोषणा

इंदौर . ब्रिटिश काउंसिल ने यूके सरकार के ग्रेट ब्रिटेन अभियान के साथ मिलकर ग्रेट स्कॉलरशिप 2026-27 की घोषणा की है. यह स्कॉलरशिप उन प्रतिभाशाली भारतीय विद्यार्थियों के लिए है, जिन्होंने शैक्षणिक उत्कृष्टता हासिल की है और जो ब्रिटेन में पोस्टग्रेजुएशन करना चाहते हैं. शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए, ब्रिटेन के प्रमुख विश्वविद्यालय विभिन्न विषयों में 12 पोस्टग्रेजुएट स्कॉलरशिप्स प्रदान कर रहे हैं. रितिका चंदा पार्रुक एमबीई, निदेशक शिक्षा भारत, ब्रिटिश काउंसिल ने कहा यूके में अध्ययन का मतलब सिर्फ शैक्षणिक उत्कृष्टता नहीं है, यह उद्योग-केंद्रित शिक्षा और एक वास्तविक वैश्विक वातावरण तक पहुँच का द्वार खोलता है, जहाँ नवाचार को प्रेरित करने के लिए दुनियाभर के दृष्टिकोण एकजुट होते हैं. विभिन्न विषयों में उपलब्ध इन अवसरों के साथ, ये स्कॉलरशिप्स भारतीय विद्यार्थियों के जीवन में एक परिवर्तनकारी अध्याय की शुरुआत करेंगी, जिससे वे अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क बना सकेंगे, अपने पेशेवर विकास को गति दे सकेंगे.

कैलिफोर्निया बादाम के साथ क्रिसमस को खास बनाएं

इंदौर . क्रिसमस बस आने ही वाला है, जो अपने साथ एक्साइटमेंट, गर्मजोशी और फेस्टिव माहौल का वादा लेकर आ रहा है. इस साल, कैलिफ़ोर्निया बादाम की पौष्टिक अच्छाई के साथ अपने हॉलिडे मील और गिफ्ट देने की परंपराओं को और भी खास बनाएं. इनमें 15 ज़रूरी पोषक तत्व होते हैं, ये खाने में क्रंची लगते हैं, साथ ही दिल की सेहत को बढ़ावा देते हैं, लंबे समय तक एनर्जी देते हैं और भूख को कंट्रोल करने में मदद करते हैं, खासकर ऐसे समय में जब दावतें, मिलन-समारोह और यात्राएं लगातार चलती रहती हैं. न्यूट्रिशन एवं वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी ने कहा त्योहारों के दौरान स्वादिष्ट चीज़ों का आनंद लेना स्वाभाविक है, लेकिन अच्छी सेहत बनाए रखना मुश्किल नहीं होना चाहिए। बादाम हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में सहायक माने जाते हैं, क्योंकि ये एलडीएल और कुल कोलेस्ट्रॉल स्तर को कम करने में मदद करते हैं .दिन की शुरुआत बादाम से करने पर ऊर्जा धीरे-धीरे रिलीज़ होती है, जो संतुलित आहार के साथ मिलकर शरीर को सक्रिय रखता है.

रिलेक्सो ने की बाय एंड फ्लॉय विंटर कैंपेन की घोषणा

इंदौर . रिलेक्सो फुटवियर्स ने ईज़मायट्रिप के साथ साझेदारी में एक रोचक विंटर कैंपेन 'बाय एंड फ्लाय' की घोषणा की है. इस कैंपेन का उद्देश्य छुट्टियों के इस सीज़न रोज़मर्रा की खरीददारी और यात्रा की खुशियों को एक साथ लाना है. 15 दिसम्बर से 18 जनवरी तक चलने वाला यह कैंपेन रिलेक्सो के 413 एक्सक्लुज़िव ब्राण्ड आउटलेट्स पर लाइव होगा, जिसके तहत स्टोर में फुटवियर खरीदने वाले उपभोक्ता आकर्षक टैक्ट्रल रिवॉर्ड्स का लाभ उठा सकेंगे. कैंपेन के लॉन्च पर आकाश कोपरकर, वाईस-प्रेज़ीडेन्ट- रीटेल बिज़नेस, रिलेक्सो फुटवियर्स ने कहा आज के उपभोक्ता, मूल्य, खुशियां और ऐसे अनुभव चाहते हैं जो उनके लिए यादगार बन जाएं. सर्दियों के इस सीज़न 'बाय एंड फ्लाय' कैंपेन ठीक इसी भावना को लेकर आया है. ईज़मायट्रिप के साथ साझेदारी में हम रोज़मर्रा की खरीददारी को ऐसे अवसरों में बदल देना चाहते हैं, जो उपभोक्ताओं को नए गंतव्यों की यात्रा का मौका दें.

जीपी हिंदुजा की स्मृति में प्रार्थना सभा

इंदौर . हिंदुजा ग्रुप के दिवंगत चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा की स्मृति में उन्हें सम्मान देने के लिए मुंबई में एक प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया. इस सभा में भारतीय उद्योग जगत के दिग्गज, राजनीति के विभिन्न दलों के नेता, राजनयिक कोर के सदस्य और कई प्रमुख फिल्मी हस्तियां शामिल हुईं. परमार्थ निकेतन के स्वामी चिदानंद सरस्वती जैसे आध्यात्मिक गुरुओं और उनके करीबी सहयोगियों ने जीपी हिंदुजा के बहुमुखी व्यक्तित्व को याद करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की. प्रसिद्ध गायक अनुराधा पौडवाल, नितिन मुकेश और मोहित लालवानी ने जीपी हिंदुजा के पसंदीदा भजनों और उनके प्रिय मित्र स्वर्गीय राज कपूर पर फिल्माए गए गीतों की प्रस्तुति दी.

कॉग्निजेंट ने साइबर डिफेंस सेंटर का किया अनावरण

इंदौर . कॉग्निजेंट ने बेंगलुरु में अपने नेक्स्ट-जेन साइबर डिफेंस सेंटर के शुभारंभ की घोषणा की. यह केंद्र कंपनी के वैश्विक सीडीसी नेटवर्क का एक प्रमुख हिस्सा है और कॉग्निजेंट की सबसे बड़ी सुविधा है, जिसे विश्वभर के ग्राहकों को उन्नत एआई-संचालित, प्लेटफ़ॉर्म-केंद्रित साइबर सुरक्षा प्रबंधित सेवाएँ, इंजीनियरिंग तथा परिवर्तन सेवाएँ प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है .बेंगलुरु स्थित सीडीसी में, ये विशेषज्ञ चौबीसों घंटे निगरानी और सुरक्षा घटनाओं पर त्वरित प्रतिक्रिया प्रदान करने का लक्ष्य रखते हैं. कॉग्निजेंट के सीईओ रवि कुमार एस ने कहा साइबर सुरक्षा एक नए युग में प्रवेश कर रही है, जहाँ अत्यधिक आपस में जुड़े उद्यम और एआई-संचालित खतरे पारंपरिक सुरक्षा उपायों से आगे निकल रहे हैं. बेंगलुरु में हमारा नया साइबर डिफेंस सेंटर इंटेलिजेंस-आधारित साइबर सुरक्षा इंजीनियरिंग और संचालन सेवाएँ प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है.

करोड़ों लोगों को डिलीवर की खुशियां, लाखों हुए सशक्त

इंदौर . फ्लिपकार्ट ने 2025 के त्योहारी सीजन से संबंधित प्रमुख उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी. फ्लिपकार्ट ने अपने मजबूत लॉजिस्टिक्स नेटवर्क के दम पर बिग बिलियन डेज सेल इवेंट आयोजित किया, जिसमें रिकॉर्ड संख्या में और तेजी से डिलीवरी की गई. इस दौरान 4 लाख से ज्यादा सीजनल रोजगार का सृजन हुआ, ऑर्डर के दिन (सेम डे)/ अगले दिन (नेक्स्ट डे) डिलीवरी में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई और टियर 2 व 3 शहरों से जबर्दस्त मांग देखी गई. इस साल त्योहारी सीजन को टियर 2 और टियर 3 शहरों से मजबूत समर्थन मिला. बीबीडी के दौरान कुल ऑर्डर में इनकी 60 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सेदारी रही. फ्लिपकार्ट ग्रुप के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट और सप्लाई चेन, कस्टमर एक्सपीरियंस एवं री-कॉमर्स हेड हेमंत बद्री ने कहा, 'त्योहारी सीजन में हमारे सप्लाई चेन ने दिखा दिया कि जब लोगों, प्रक्रियाओं और टेक्नोलॉजी को बड़े पैमाने पर साथ लाया जाए, तो क्या परिणाम मिलता है. इस बार का त्योहारी सीजन में 4 लाख से ज्यादा सीजनल रोजगार, क्षेत्रीय स्तर पर ज्यादा पहुंच और समावेशी नियुक्तियों के मामले में भी खुद को अलग साबित किया.

अमेजन पे ने यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन किया लॉन्च

इंदौर . अमेजन पे ने आज यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन लॉन्च करने की घोषणा की. इसके साथ ही अमेजन पे यह जबरदस्त फीचर शुरू करने वाला भारत का पहला पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर बन गया है. अब ग्राहक बिना पिन याद रखे या डाले, सिर्फ फिंगरप्रिंट या फेस स्कैन से अपने ट्रांजैक्शन को मंजूरी दे सकते हैं. नई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन सुविधा के तहत 5,000 रुपये तक के लेनदेन के लिए यूपीआई पिन डालने की जरूरत नहीं होगी. अमेजन इंडिया के डायरेक्टर ऑफ पेमेंट्स गिरीश कृष्णन ने कहा हमारा लक्ष्य हमेशा डिजिटल पेमेंट को आसान और सुरक्षित बनाना रहा है. यूपीआई बायोमेट्रिक ऑथेंटिकेशन के साथ हम रोजमर्रा के भुगतान से एक और झंझट खत्म कर रहे हैं और पेमेंट को दोगुना तेज बना रहे हैं. जिस तरह से ग्राहक इसे अपना रहे हैं, उससे साफ है कि वे तेजी, सरलता और भरोसे को महत्व देते हैं.

भारत में मजबूती की राह पर निसान

इंदौर . निसान की नई गेम चेंजिंग 7-सीटर बी-एमपीवी का नाम ग्रेवाइट होगा और इसे 2026 की शुरुआत में लॉन्च किया जाएगा. भारत के लिए ब्रांड की रीफ्रेश्ड एवं स्ट्रेटजिक लाइन-अप के तहत लॉन्च किया गया यह पहला मॉडल होगा. आधुनिक भारतीय परिवारों के लिए खास तौर पर तैयार ग्रेवाइट से शानदार विविधता एवं मॉड्यूलैरिटी मिलेगी, वैल्यू चाहने वाले परिवारों के लिए सहूलियत को नई परिभाषा मिलेगी, साथ ही निसान के प्रोडक्ट पोर्टफोलियो के विस्तार को गति मिलेगी. निसान एएमआईईओ की चेयरपर्सन मैसिमिलियानो मेसिना ने कहा ग्रेवाइट की पेशकश हमारी रफ्तार को दिखाती है और आगे के सफर में हमारे भरोसे को मजबूती देने वाली है. निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने कहा ऑल न्यू ग्रेवाइट बदलते भारतीय बाजार पर निसान मोटर इंडिया के नए सिरे से फोकस करने का सबूत है. इसे हमारे ग्राहकों की अलग-अलग जरूरतों के लिए एकदम सही साथी बनने के लिए डिजाइन किया गया है.

सुविधा के चक्कर में असुविधा के तहसील कार्यालय बना दिए ...

- न ग्रामीणों को लाभ और न ही शहरी रहवासियों को फायदा
- कर्मचारी और अधिकारी भी परेशान

वीरेंद्र वर्मा

इंदौर. ग्रामीण क्षेत्र की जनता को सुविधा देने के चक्कर में सरकार ने शहरी क्षेत्र की जनता को मुसीबत में डाल दिया. शहरी क्षेत्र में स्थित कॉलोनियों और मोहल्लों के रहवासियों को जंगल में बने एसडीएम और तहसील कार्यालय जाकर काम कराना पड़ रहा है. हकीकत यह है कि तहसील के अनुसार बने कार्यालय से न ग्रामीण को और न ही शहरी लोगों को फायदा मिल रहा है. इतना ही नहीं शहरी क्षेत्रों को तहसील में मनचाहे तरीके से बांट दिया गया है. इस वजह से जनता परेशान होकर समस्या से जूझ रही है. तहसील कार्यालय में पदस्थ अधिकारी, बाबू और कर्मचारी भी परेशान है.

सन् 2018 में सर्वे कर सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों की जनता की सुविधा देने के लिए तहसील मुख्यालय बनाने का निर्णय लिया. इसी तारतम्य में इंदौर को अलग अलग टुकड़ों में बांटकर तहसीलों में शामिल कर दिया गया. शहरी क्षेत्रों को तहसीलों में इतने गलत और मनमाने तरीके से बांटा गया है कि कई कॉलोनियों की दूरी तहसील कार्यालय से 15 से 20 किलोमीटर है. अधिकारियों की योजना का नमूना पेश है कि मल्हारगंज तहसील कार्यालय, टिगरिया बादशाह गांव में सुपर कॉरिडोर पार करके मेन रोड से 1 किलोमीटर अंदर, कनाडिया तहसील कार्यालय बायपास पार पूरा कनाडिया गांव छोड़कर 2 किलोमीटर बाहर, राऊ तहसील कार्यालय राऊ सर्कल से करीब साढ़े तीन किलोमीटर बायपास से 750 मीटर से ज्यादा अंदर बनाया गया है. उक्त कार्यालय को ढूंढने में ही आम लोगों को पसीना आ रहा है, क्योंकि यह मुख्य मार्ग इतने अंदर है कि कार्यालय खोजना भी एक बड़ा काम है.

5 से 15 किलोमीटर जाना पड़ रहा है ...

अब क्षेत्र पर बात करें तो राऊ तहसील में सुदामा नगर मेन और ए एवं बी सेक्टर राऊ में और डी तथा ई सेक्टर, स्कीम 71 से लेकर द्वारकापुरी कॉलोनी, सिरपुर, मल्हारगंज तहसील क्षेत्र में, पलासिया, तिलक नगर जैसी कॉलोनियां कनाडिया तहसील क्षेत्र में शामिल कर दी गई. अब विडंबना देखिए कि महूनाका, या भंवरकुआ के रहवासी को बायपास स्थित राऊ बायपास पार कर, नर्सिंग बाजार, लोधीपुरा और छत्रीबाग के रहवासी को सुपर कॉरिडोर पार करके टिगरिया बादशाह गांव और पलासिया, तिलकनगर के रहवासी को बायपास पार करके 5 से लेकर 15 किलोमीटर तक जाना पड़ रहा है. पहले उक्त सभी क्षेत्रों के रहवासियों को शहर के मध्य स्थित कलेक्टर कार्यालय न सिर्फ पास था, बल्कि चार बार आने जाने में सुविधा भी थी, क्योंकि कलेक्टर कार्यालय पर सभी क्षेत्रों से सिटी बस और लोक परिवहन सुविधा आसानी से उपलब्ध होती थी.

विसंगतियों के भंवर में उलझे यह कार्यालय

1. मुख्य रोड से कार्यालय तक परिवहन की सुविधा नहीं.
2. कार्यालय पर अधिकारियों और बाबुओं के मिलने का समय तय नहीं.
3. कलेक्टर कार्यालय में बैठक है तो दो घंटे अधिकारी का सीट में मिलना नामुमकिन.
4. बैठक में भाग लेने के लिए हर एसडीएम और तहसीलदार को आने में 45 मिनिट और जाने में 45 मिनिट का समय लग रहा है।
5. जनता को नए कार्यालय मालूम नहीं, मालूम है तो बिना साधन के जाना संभव नहीं.
6. ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के चलते कंप्यूटर बंद.
7. जनता , कर्मचारियों और बाबू को आने जाने में जान का खतरा, क्योंकि सभी कार्यालय जाने के लिए बायपास या सुपर कॉरिडोर जैसे भारी वाहन वाली सड़क को पार करना.
8. फोटोकॉपी से लेकर नोटरी तक के लिए शहर में आना या कम से कम 5 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है.
9. तहसील कार्यालय तो बन गए, लेकिन पहुंच मार्ग कच्चे पक्के और गड्ढे भरे रास्ते पर है.
10. कार्यालयों के आसपास रेस्टोरेंट नहीं और अधिकारी सीट पर ज्यादातर मिलते नहीं.
11. निम्न आय वर्ग, आय, जाति, मूल निवासी, नामांतरण, सीमांकन , बंटांकन आवेदन के लिए 15 से 20 किलोमीटर दूरी के बाद कोई दस्तावेज या टिकिट नहीं लगा है, तो उसकी पूर्ति के लिए आसपास कोई सुविधा नहीं. शहर में आकर ही काम होता है. फिर वापस जाना सबसे बड़ी परेशानी है.
12. सबसे बड़ी बात यह है कि अधिकारियों की गाड़ी का डीजल और पेट्रोल खर्च बढ़ गया है.
13. कर्मचारियों को भी फोटोकॉपी के लिए कार्यालय के बाहर जाना पड़ता है. मतलब एक बार में 30 मिनिट से 45 मिनट या एक घंटा तक लग जाता है.
14. जनरेटर की सुविधा नहीं, कार्यालय पर बिजली जाने की स्थिति में पूरा काम बंद हो जाता है.
15. अधिकारियों और बाबुओं के आने जाने और साइट पर मिलने का समय तय नहीं है. बाबू साहब के काम से मुख्यालय, साहब बैठक में और आरआई, पटवारी फील्ड में या तहसीलदार के साथ मौका मुआयना करने में व्यस्त होते हैं.

सप्ताह में दूसरी बार पारा न्यूनतम स्तर पर, कई शहर शीतलहर की चपेट में

नव भारत न्यूज

इंदौर. इंदौर में इस बार रिकॉर्ड तोड़ ठंड पड़ रही है. आज सप्ताह में दूसरी बार पारा न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया. वहीं दिन के तापमान में मामूली अंतर आया है, लेकिन शाम से ठंडी हवाओं के कारण तापमान में तेजी गिरावट आई है.

कल रात इंदौर में पारा एक बार फिर अपने न्यूनतम स्तर 4.5 पर पहुंच गया है. सप्ताह में लगातार दूसरी बार पारा 4.5 डिग्री दर्ज हुआ है. वैसे पिछले एक हफ्ते से पारा 5 से 7 डिग्री के न्यूनतम स्तर पर बना हुआ है. दिन के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं आया है. कल और आज दिन का तापमान 27.9 ही दर्ज हुआ है, लेकिन शाम को 5.30 बजे 4 डिग्री गिरकर 23 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है. रात 8 बजे दो डिग्री गिरकर 21 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है. प्रदेश में इंदौर, भोपाल, शहडोल, शाजापुर और मंदसौर में सबसे कम तापमान रहा है। उक्त सभी शहर शीतलहर की चपेट में है. मौसम विभाग के पूर्वानुमान अनुसार अगले तीन दिन शीतलहर का प्रभाव बना रहने की संभावना है. प्रदेश में सबसे कम तापमान कल्याणपुर (शहडोल) में 3.5 डिग्री और सबसे अधिक तापमान छिंदवाड़ा में 30.4 डिग्री दर्ज किया गया.

स्वच्छता के प्रति शहरी क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्र हैं आगे : महापौर

- स्वच्छता जागरूकता के लिए स्वच्छ चौपाल संवाद का किया आयोजन
- गांव की धर्मशाला में डिस्पोजल के स्थान पर बर्तनों का उपयोग

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता जागरूकता को लेकड़ स्वच्छ चौपाल संवाद कार्यक्रम कर रहा है. आज अहिरखेड़ी में उक्त संवाद का आयोजन किया गया. इसमें महापौर ने स्वच्छता को लेकर ग्रामीणों से अनुभव साझा किए और उपस्थित नागरिकों को कचरे संग्रहण एवं निपटान की जानकारी दी.

नगर निगम सीमा में शामिल 29 गांवों में स्वच्छता के प्रति जनता में जागरूकता लाने के लिए नगर निगम निरंतर स्वच्छ चौपाल संवाद कार्यक्रम कर रहा है. आज इसी क्रम में अहीरखेड़ी गांव में महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक मधु वर्मा की मौजूदगी में स्वच्छ चौपाल लगाई गई. इस अवसर पर पूर्व सरपंच द्वारा बताया गया कि अहीरखेड़ी क्षेत्र में सार्वजनिक कार्यक्रमों एवं आयोजनों के दौरान डिस्पोजेबल सामग्री का उपयोग नहीं किया जाता है. उन्होंने बताया कि गांव की धर्मशाला में सभी समारोहों में स्टील के बर्तनों का ही उपयोग किया जाता है. डिस्पोजेबल का उपयोग पूर्णत: प्रतिबंधित है. संवाद में महिलाओं से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों को दिए जाने वाले कचरे के प्रकारों के बारे में पूछा गया. महिलाओं ने बताया कि वे 4 से 5 प्रकार का कचरा अलग अलग कर निगम के वाहनों को देती हैं. कार्यक्रम में स्वास्थ्य प्रभारी अश्विनी शुक्ल, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण, पूर्व सरपंच, महिला समूहों के सदस्य तथा बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे.

नागरिकों के सहयोग से मजबूत हुआ मॉडल

महापौर भार्गव ने कहा कि इंदौर के सफाई मॉडल को शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के भी 29 गांवों में पानी, सड़क, सीवरेज जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए अमृत प्रोजेक्ट 2.0 के तहत विकास कार्य शुरू किए गए हैं. इंदौर का सफाई मॉडल नागरिकों के सहयोग से ही मजबूत हुआ है और अब नागरिकों का विश्वास और सहभागिता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है. उन्होंने कहा कि स्वच्छ चौपाल संवाद के दौरान यह देखकर प्रसन्नता होती है कि ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों की तुलना में भी स्वच्छता को लेकर अधिक जागरूकता है. यहां की महिलाओं को 6 लिटर बिन की जानकारी है, वे यह भी जानती हैं कि कौन-सा कचरा किस श्रेणी में अलग किया जाता है.

सैनिक अपने जीवन की एक-एक सांस राष्ट्र के लिए करता है कुर्बान

- ओमशांति भवन के सभागृह में शौर्यगाथा कार्यक्रम का आयोजन

इंदौर. भारत माँ के युवाओं के हाथों में अगर कलम की ताकत आ गई तो वें एक नया इतिहास लिख सकते हैं और अगर तलवार की ताकत आ गई तो भारत का एक नया इतिहास रच सकते हैं. इतनी आपके अंदर क्षमता और योग्यताएं हैं। बहुत खुशनसीब हैं हम जो इस भारत की भूमि पर जन्म पाया क्योंकि यह धरती जप की, तप की, ज्ञान की, विज्ञान की, पुरुषार्थ की, परमार्थ की, वीरों की, वीरांगनाओं की धरती है. ऐसी धरती पर जन्म लेना शायद कई जन्मों का पुण्य रहा होगा जो भारत मां के बेटे बेटियों के रूप में उनके आंचल में खेल कूद रहे हैं.

उक्त विचार परमवीर चक्र प्राप्त ऑपरेशन विजय कारगिल के नायक कैप्टन योगेंद्र सिंह यादव ने एन.सी.सी, एन.एस.एस, आरएपीटीसी, प्रथम एवं 15वीं बटालियन, भारत स्काउट गाइड एवं पुलिस जवानों से खचाखच भरे ज्ञानशिखर ओमशांति भवन के सभागृह में ब्रह्माकुमारीज़ के सुरक्षा सेवा प्रभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम अद्भुत शौर्य गाथा में अपने कारगिल युद्ध के अनुभव सुनाते हुए व्यक्त किये. आगे आपने कहा कि आज के युवा या तो क्रिकेटरों को या फिल्मी सितारों को इंटरनेट पर सर्च करते हैं लेकिन भारत मां के उन बेटों को सर्च नहीं करते जो लहू की एक-एक बूंद और जीवन की एक-एक श्वास को इस राष्ट्र पर आपके लिए कुर्बान करते हैं ताकि आप अपने घरों में चैन की नींद सो सकें. आपने कारगिल युद्ध का जीवंत चित्रण करते हुए बताया कि कैसे 17 गोली लगने के कारण पूरा शरीर छलनी होने के बाद भी अपने मनोबल और परमात्म शक्ति पर अटूट विश्वास के आधार पर मौत के करीब होते भी देश की रक्षा का जज्बा और जुनून जिंदा रहा जिसकी ही बदौलत भारतीय सेना ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की. कैप्टन यादव ने कहा कि समय जीवन की बेशकीमती संपत्ति है। आज का काम आज ही करना है, कल पर नहीं टालना है क्योंकि परमात्मा हमें नया जीवन देता है तो नई-नई चुनौतियां भी देता है इसलिए समय की महत्ता को समझना जरूरी है. सफलता अहंकार पैदा करती है इसलिए कभी भी इसे सिर पर सवार ना होने दें. सदा ही आगे बढ़ते रहें.

सैनिकों के कारण ही हम हैं सुरक्षित

इंदौर जोन की क्षेत्रीय निदेशिका ब्रकु हेमलता दीदी ने कहा कि भारत मां को गुलामी की जंजीरों से छुड़ाकर दिन-रात देश की रक्षा में तैनात रहने वाले वीर योद्धा, जांबाज़ सिपाही हमारे भारतीय सैनिक है, जिनके कारण आज हम सुरक्षित हैं. जबलपुर से आए रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल विकास राव चौहान ने कहा कि जीवन इतना सुंदर है पर इसकी सुंदरता का एहसास तब होगा जब हम अपने को भीतर से झांकेंगे. ब्रह्माकुमारी भुनेश्वरी बहन ने सभी को योग की गहन अनुभूति कराई. संचालन ब्रह्माकुमारी शारदा बहन ने किया.

जनविकास सोसायटी बनी दिव्यांगजनों का सहारा

इंदौर. जनविकास सोसाइटी और ब्लाइंड पीपल्स एसोसिएशन अहमदाबाद एवं मनो विकास संस्थान उज्जैन के आपसी सहयोग से जनविकास परिसर पालदा इंदौर में दिव्यांग जनों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया. कार्यक्रम में दिव्यांग जनों को आर्टिफिशियल लिंब्स प्रदान किए गए. यह कार्यक्रम सीएसआर आवास फाइनेंसर्स लिमिटेड के तहत आयोजित किया गया था.

साथ ही मेडिकल कैंप आयोजित किया गया. कैंप का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग भाई बहनों एवं बच्चों को आर्टिफिशियल लिंब्स (अंग) प्रदान करना था. कार्यक्रम में सभी जरूरत मंद लाभार्थियों को 30 आर्टिफिशियल लिंब्स प्रदान किए गए. इस कैंप में जबलपुर, उज्जैन और इंदौर से 80 दिव्यांग लोगों ने हिस्सा लिया. मुख्य अतिथि के रूप में जनविकास निदेशक फादर शिनोज जोसेफ, प्रमुख जगन्नाथ मलिक, ब्लाइंड एसोसिएशन इंडिया, अहमदाबाद, उप निदेशक डॉ. भरत जोशी, गुरु प्रसाद, प्रोफेसर देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी इंदौर, अनुप्रिया हाड़ा, समन्वयक, (एमपीएसएसएस), उज्जैन आदि जन उपस्थित रहे.

एथलेटिक्स में विद्यार्थियों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

इंदौर. उच्च शिक्षा विभाग एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित संभाग स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता सत्र 2025-26 में श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ आर्ट्स एंड कॉमर्स, इंदौर के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 24 पदक जीतकर नया कीर्तिमान स्थापित किया. इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के 11 खिलाड़ियों ने सहभागिता की.

विद्यार्थियों ने व्यक्तिगत एवं रिले स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए महिला वर्ग में ओवरऑल चैंपियनशिप भी प्राप्त की. रिले स्पर्धाओं में पुरुष टीम ने रजत पदक जीतकर ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी के लिए क्वालीफाई किया. प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ी रहे- शुभम कहर, अक्षय जैन, विकास पाटिल, साहिल बिलोनी, धीरज झा, अनिकेत चौहान, लकी खामकर, कुं. संजना ढालिया, कुमारी पलक सोनकर, कुमारी आलिया कुरैशी एवं कुमारी शिवानी विश्वकर्मा. इस प्रतियोगिता में लगभग 450 खिलाड़ियों ने सहभागिता की. महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर प्रबंधक वर्ग के अध्यक्ष अरविंद गुप्ता एवं महेश चिमनानी, प्राचार्य डॉ. परितोष अवस्थी, प्रो. विभोर ऐरन एवं खेल अधिकारी डॉ. वी. एस. राणा ने विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं.

एक नजर में — महिला उद्यमियों के लिए फ्लो इंदौर ने किया ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन

कारोबार में महिलाओं के 51% स्वामित्व पर मिलते हैं कई लाभ

इंदौर. शहर की महिला उद्यमियों को सशक्त बनाने के लिए एक रोचक और ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया. फ्लो इंदौर ने एमएसएमई मंत्रालय के जिला उद्योग केंद्र और ब्रजविधा के सहयोग से महिला नेतृत्व वाले एमएसएमई लाभ- डिजिटल और यू जेड इनसाइट्स नामक कार्यक्रम आयोजित किया. इस कार्यक्रम की डे चेयर थी, फ्लो इंदौर की एमएसएमई पहल प्रमुख डॉ. प्रियंका मोक्षमार. कार्यक्रम में फ्लो सदस्यों के साथ-साथ गैर-सदस्य महिला उद्यमी भी बड़ी संख्या में शामिल हुईं.

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एमएसएमई निदेशक गौरव गोयल, ब्रजविधा के पंकज सूर्यवंशी और डिजिटल मार्केटिंग विशेषज्ञ रोमी सैनी थे. श्री गोयल ने एमएसएमई रजिस्ट्रेशन की महत्ता बताई और महिलाओं के लिए विशेष सुविधाओं पर जोर दिया. उन्होंने बताया अगर कारोबार में महिलाओं का 51 प्रतिशत या उससे अधिक स्वामित्व है, तो कई लाभ मिलते हैं. उन्होंने प्रमुख सरकारी योजनाओं के बारे में बताया. कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण था जीरो इफेक्ट जीरो डिफेक्ट प्रमाणन योजना. इसमें तीन स्तर हैं- ब्रॉन्ज, सिल्वर और गोल्ड. ये 20 पैरामीटर पर आधारित हैं, जैसे नेतृत्व, गुणवत्ता प्रबंधन, कचरा कम करना और कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी. श्री गौरव ने बताया कि जेडईडी सर्टिफिकेट, व्यापार और सेवा क्षेत्र के लिए बहुत फायदेमंद है. महिलाओं वाले एमएसएमई को इससे सब्सिडी और लोन में विशेष लाभ मिलते हैं.

अवसर प्रदान करने के लिए प्रयासरत ...

सभी ने सत्र को शिक्षाप्रद बताया और कहा कि उन्हें सरकारी योजनाओं, पर्यावरण-अनुकूल कारोबार और डिजिटल टूल्स की उपयोगी जानकारी मिली। सभी प्रेरित होकर लौटीं. फ्लो इंदौर की चेयरपर्सन सीए श्वेता अग्रवाल ने गर्व से कहा कि फ्लो इंदौर, महिला नेतृत्व वाले कारोबारों को अधिक से अधिक अवसर प्रदान करने के लिए हर सम्भव प्रयासरत है और एमएसएमई विकास के लिए ऐसे कार्यक्रम जारी रखेगी. यह कार्यक्रम महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने और सतत विकास के राष्ट्रीय लक्ष्यों से जुड़ा हुआ है.

ब्रजविधा के पंकज सूर्यवंशी ने बताया कि उनकी संस्था महिला उद्यमियों को जेडईडी सर्टिफिकेट के लिए पूरी तरह मुफ्त मार्गदर्शन और सहायता प्रदान करती है. सत्र के अंत में रोमी सैनी ने कम खर्च वाली डिजिटल मार्केटिंग की ताकत पर प्रकाश डाला. उन्होंने महत्वपूर्ण टूल्स बताए और कहा कि, ये टूल्स एसएसएमई के लिए जरूरी हैं, क्योंकि इनसे कम खर्च में ज्यादा ग्राहक मिलते हैं और कारोबार बढ़ता है.